पंजाब केसरी 26/04/2023

# जी.एम.एन. कालेज में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर जागरूकता वार्ता आयोजित



कालेज में कार्यक्रम के दौरान जानकारी देते मुख्य वक्ता। (चंद्रमोहन)

अम्बाला छावनी, 25 अप्रैल (कोचर): कैंट के जी.एम.एन. कालेज द्वारा सार्वजनिक प्रशासन विभाग ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर जागरूकता वार्ता आयोजित की गई। इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण शासन और विकास में पंचायती राज संस्थाओं (पी.आर.आई.) के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना था।

डा. राकेश कुमार ने ग्रामीण शासन और विकास में पी.आर.आई. के महत्व को उजागर किया और बुनियादी सेवाओं को देने और आधारभूत लोकतंत्र को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस आयोजन में छात्र और संस्थागत सदस्य भी शामिल रहे।

वार्ता के बाद एक इंटरैक्टिव सत्र हुआ जहां भागीदार ने अपने क्षेत्र में पी.आर.आई. के कामकाज के बारे में अपने विचार और अनुभव सांझा किए। वक्ताओं ने पी.आर.आई.जी.एस. की क्षमता को बढ़ाने और उन्हें पर्याप्त संसाधनों, कौशलों और ज्ञान से सशक्त बनाने की आवश्यकता है, ताकि वे अपने भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को प्रभावी ढंग से निभा सकें।

समुदाय को निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल करने और शासन प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के महत्व पर भी बल दिया। डा. राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष एस.एस. नैन, डा. सरोज बाला, डा. तृप्ति शर्मा, लवप्रीत सिंह और विशाल तनेजा इस कार्यक्रम में मौजूद रहे।